**CLASS : 12th** Sr. Sec. (Academic) **Code No. 2903**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC***

**1st SEMESTER**

(Only for Re-appear Candidates)

***(Morning Session)***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा । वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/ शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है ।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) *'मुझसे मिलने को कौन विकल'* ? यह प्रश्न कवि के मन में क्या भरता है ?

(क) प्रसन्नता (ख) चंचलता

(ग) विह्वलता (घ) उत्सुकता

(ii) कवि ने लाल सवेरा की तुलना किसकी आँखों से की है ?

(क) चिड़िया (ख) खरगोश

(ग) कबूतर (घ) हंस

(iii) 'पतंग' कविता में कपास किसका प्रतीक है ?

(क) चंचलता का (ख) कठोरता का

(ग) निर्मलता का (घ) कोमलता का

(iv) 'कैमरे में बंद अपाहिज' के होठों पर क्या है ?

(क) कसमसाहट (ख) घबराहट

(ग) बौखलाहट (घ) हड़बड़ाहट

(v) कवि को किन बादलों की मँडराती कोमलता नष्ट कर देती है ?

(क) गरीबी के (ख) ममता के

(ग) उजाला के (घ) अमावस्या के

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

*दिल में क्या झरना है*
*मीठे पानी का सोता है*
*भीतर वह, ऊपर तुम*
*मुसकाता चाँद ज्यों धरती पर रात-भर*
*मुझ पर त्यौं तुम्हारा ही खिलता वह चेहरा है*

**अथवा**

*फिर हम पर्दे पर दिखलाएँगे*
*फूली हुई आँख की एक बड़ी तसवीर*
*बहुत बड़ी तसवीर*
*और उसके होठों पर एक कसमसाहट भी ।*

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** आलोक धन्वा के जीवन, रचनाओं तथा भाषा शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए । 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

*बात ने, जो एक शरारती बच्चे की तरह*
*मुझसे खेल रही थी,*
*मुझे पसीना पोंछते देख कर पूछा –*
*''क्या तुमने भाषा को*
*सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा'' ?*

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'पतंग' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) *'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है'* – पंक्ति की आवृत्ति से कविता की किस विशेषता का पता चलता है ?

(ग) *'सबसे तेज़ बौछारें गयीं, भादों गया'* के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने दिखाया है, उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) पति की मृत्यु के समय भक्तिन की आयु कितनी थी ?

(क) 26 वर्ष (ख) 29 वर्ष

(ग) 30 वर्ष (घ) 35 वर्ष

(ii) महादेवी वर्मा के द्वारा पुकारी जाने पर भक्तिन क्या कहती थी ?

(क) जी (ख) आई

(ग) आँय (घ) हाँ, जी

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?

(क) आर्य समाज (ख) ग्राम सुधार

(ग) कुमार सुधार सभा (घ) विधान सभा

(iv) जैनेन्द्रकुमार ने केवल बाज़ार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र को क्या बताया है ?

(क) नीतिशास्त्र (ख) सुनीतिशास्त्र

(ग) अनीतिशास्त्र (घ) अधोनीतिशास्त्र

(v) जन्माष्टमी के अवसर पर दीदी के कहने पर लेखक आठ दिन तक क्या बाँटा करता था ?

(क) लड्डू (ख) मठरी

(ग) पँजीरी (घ) भुजिया

(vi) 'पहलवान की ढोलक' कहानी में पूरे गाँव में मलेरिया और हैज़े का प्रकोप किस मौसम में फैला था ?

(क) गर्मी (ख) सर्दी

(ग) वर्षा (घ) वसन्त

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

बाज़ार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है । और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी 'पर्चेज़िंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति, शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाज़ार को देते हैं । न तो वे बाज़ार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाज़ार को सच्चा लाभ दे सकते हैं ।

**अथवा**

देख तू तो अभी से पढ़-लिख गया है। मैंने तो गाँव के मदरसे का मुँह नहीं देखा । पर एक बात देखी है कि अगर तीस-चालीस मन गेहूँ उगाना है तो किसान पाँच-छह सेर अच्छा गेहूँ अपने पास से लेकर ज़मीन में क्यारियाँ बनाकर फेंक देता है । उसे बुवाई कहते हैं । यह जो सूखे हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते हैं वह भी बुवाई है ।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में लिखिए : 4 + 4 = 8

(क) 'गगरी फूटी बैल पियासा' इन्दरसेना के इस खेलगीत में बैलों के प्यासा रहने की बात क्यों मुखरित हुई है ?

(ख) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर होता है ?

(ग) भक्तिन द्वारा शास्त्र के प्रश्न को सुविधा से सुलझा लेने का क्या उदाहरण लेखिका ने दिया है ?

**9.** **'वितान भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'जूझ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) 'जूझ' पाठ में बचपन में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे ? 2

(ग) समय के साथ ढल सकने में यशोधर बाबू असफल कैसे रहते हैं ? 2

(घ) यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशनदा की क्या भूमिका रही है ? 2

**10.** (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक*** या ***दो*** पंक्तियों में दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) 'ब्रेकिंग न्यूज़' किसे कहते हैं ?

(ii) उल्टा पिरामिड शैली क्या है ?

(iii) इंटरनेट पत्रकारिता क्या है ?

(ख) कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए । 6

(ग) 'फ़ीचर' से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ? 6

**11.** (क) (i) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : $1 \times 2 = 2$

सच्चरित्र, मनोहर।

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : $1 \times 2 = 2$

उत् + लास, नव + ऊढ़ा ।

(ख) निम्नलिखित पदों का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए : $1 \times 4 = 4$

राजपुत्र, चंद्रमुख, गंगा-यमुना, पतिव्रता ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : $1 \times 2 = 2$

(i) मुझे एक फूलों की माला चाहिए ।

(ii) बेफिजूल बातें मत करो ।